सुनु जननी सोइ सुत बड़भागी । जो पितु मातु वचन अनुरागी ।।
तनय मातु पितु तोषनिहारा । दुर्लभ जननि सकल संसारा ।।
|| Ram Katha 963 – ❋मानस मातृ पितृ पक्ष || Yavatmal (भारत) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 59 | इंदौर, गुरुवार 11 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री आज टॉपर 7832 विद्यार्थियों को देंगे स्कूटी का उपहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूलों की 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले 7832 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के तहत राशि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 11 सितम्बर गुरूवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रातः 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप और पिछड़ा वर्ग एंव अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर भी उपस्थित रहेंगी।

**टॉपर्स विद्यार्थी को मिलेंगी स्कूटी की राशि** - प्रदेश मे नि:शुल्क ई-स्कूटी/आईसीईएस योजना शैक्षणिक सत्र 2022-23 से संचालित की जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राऐं पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री कक्षा 12वीं में समस्त संकाय को शामिल कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप किया हो। बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड स्कूल जिसमें बालक बालिकाएं दोनों अध्ययनरत हों की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक अर्थात एक स्कूल से दो विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 के लिए 12वीं की परीक्षा में 7,832 स्कूल टॉपर्स विद्यार्थियों को स्कूटी राशि प्रदान की जायेगी।

## 6वीं की छात्रा की कार्डियक अरेस्ट से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बेटमा में एक 11 साल की छात्रा लक्षिता पटेल को खेलते समय अचानक कार्डियक अरेस्ट आ गया। उसे पहले बेटमा अस्पताल ले जाया गया और फिर इंदौर के चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटमा पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज किया है। परिजन ने शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में कराया। बेटमा के ईरा एकेडमी स्कूल में बुधवार दोपहर 6वीं क्लास की छात्रा लक्षिता अन्य सहेलियों के साथ खेल रही थी। अचानक उसे थकान महसूस हुई और वह जमीन पर बैठ गई। कुछ देर बाद अचानक वह गिर पड़ी। स्कूल के स्टाफ को जानकारी दी गई और स्पोर्ट्स टीचर उसे तुरंत बेटमा अस्पताल लेकर पहुंचे। बेटमा अस्पताल से छात्रा को इंदौर के चोइथराम अस्पताल रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट की पुष्टि की। अस्पताल में इलाज के बावजूद लक्षिता की जान नहीं बच पाई। छात्रा की मौत के बाद परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और पोस्टमॉर्टम कराया। बेटमा पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार के अनुसार लक्षिता के पिता निजी कंपनी में काम करते हैं। लक्षिता का एक बड़ा भाई है जो बिजलपुर में मामा के घर रहता है।

### कोलकाता से आए 14,600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सीएम बोले-

# पीएम मित्रा पार्क देगा कपड़ा उद्योग को नया आयाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कोलकाता के जे.डब्ल्यू. मैरियट होटल में आयोजित इन्वेस्ट इन एमपी इंटरैक्टिव सेशन में उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। इस दौरान प्रदेश को 14,600 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं, स्थिरता और निवेशक-हितैषी माहौल के साथ आदर्श निवेश स्थल है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वीकृत सात पीएम मित्रा पार्कों में पहला भूमिपूजन 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के धार जिले में होने जा रहा है। यह पार्क प्रदेश को टेक्सटाइल सेक्टर में वैश्विक पहचान दिलाएगा। 2,158 एकड़ में विकसित होने वाले इस पार्क में लगभग 3 लाख रोजगार अवसर (1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष) पैदा होंगे। इसमें अत्याधुनिक अधोसंरचना, ग्रीन एनर्जी और प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी सुविधाएं निवेशकों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से कहा कि मध्य प्रदेश की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, बेहतर कनेक्टिविटी, विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा और औद्योगिक शांति इसे निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन



क्षमता राज्य को विशेष पहचान देती है। पीएम मित्रा पार्क से टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि सतत विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भागीदारी है। प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रदेश हर संभव योगदान देगा।

रुइया ग्रुप के सीएमडी पवन कुमार रुइया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को देश के सबसे शिक्षित और दूरदर्शी नेताओं में से एक बताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश आज औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बन रहा है। उन्होंने एलान किया कि रुइया ग्रुप प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करेगा, जिससे रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह, श्याम मेटालिक्स के चेयरमैन पुष्कर अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कृषि, खनन और ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने 4,000 करोड़ रुपये से अधिक का नया निवेश करने की घोषणा की। प्रताप ग्रुप के हर्ष अग्रवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश की नीतियां और अधोसंरचना इसे देश में सबसे आकर्षक निवेश स्थल बनाती हैं।

इंडस्ट्रियल पॉलिसी एंड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने सेशन में कहा कि मध्यप्रदेश में 1 लाख एकड़ से अधिक का इंडस्ट्रियल लैंड बैंक, सस्ती बिजली (4.50/यूनिट), मजबूत हवाई और रेल कनेक्टिविटी और सुरक्षित श्रम वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कॉपर, मैंगनीज और डायमंड का सबसे बड़ा उत्पादक है, साथ ही सीमेंट उत्पादन में अग्रणी है। नर्मदापुरम के पास औद्योगिक क्षेत्र को 880 एकड़ तक विस्तारित किया गया है। सरकार ग्रीन इंडस्ट्रीज़ को 100% छूट और एक्सपोर्ट यूनिट्स को 50% प्रोत्साहन जैसी सुविधाएं दे रही है।

सीएम डॉ. यादव ने कोलकाता की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शहर विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महापुरुषों की धरती है, जिन्होंने देश को नई दिशा दी।

### जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति की बैठक सम्पन्न

# शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की घटना किसी भी हालत में नहीं हो : कलेक्टर शिवम वर्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में यहां जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे कि रैगिंग की घटना किसी भी हालत में नहीं हो। सभी शैक्षणिक संस्थान अपने यहां अध्ययन का अनुकूल वातावरण बनाए रखें।**

बैठक में एडीएम रोशन राय, कलेक्टर कार्यालय में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. एम.डी. सोमानी, जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति के सदस्य महेंद्र सोनगिरा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि हॉस्टल, कैंटीन तथा अन्य स्थानों पर सतत निगरानी की व्यवस्था रखी जाये। श्री वर्मा ने निर्देश दिए की सभी जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच नियमित रूप से स्वस्थ संवाद और संपर्क बनाए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में सीनियर और जूनियर छात्रों की कमेटी भी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी हॉस्टल्स और अन्य स्थानों पर प्रकाश, शौचालय, पेयजल आदि की मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाए। हॉस्टल के बच्चों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। हॉस्टल में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखा जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिपालन में यू.जी.सी. द्वारा जारी एंटी रैगिंग के निर्देशों का पालन कराया जाये। संस्थान में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा कनिष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ किसी भी प्रकार की रैगिंग संबंधी घटनाएं न हों, इस पर संस्थान प्रमुख का यह विशेष दायित्व है कि वह इस संबंध में विशेष सतर्कता रखें एवं निरन्तर समीक्षा करें। प्रत्येक संस्थान में एंटी रैगिंग समिति गठित की जाये। स्टाफ के साथ बैठक लेकर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जाएं। जिला अग्रणी महाविद्यालय इन्दौर का यह दायित्व होगा कि जिले के सभी महाविद्यालयों (शासकीय एवं अशासकीय) की इस संबंध में बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देश जारी किये जाये। छात्रावासों में सतत् निगरानी की जाये। विशेष रूप से सायंकाल/रात्रि के समय औचक निरीक्षण संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकों व छात्रावास अधीक्षकों के व्दारा किया जाये। संस्थानों द्वारा रात्रि में वार्डन को छात्रवासों के औचक निरीक्षण के निर्देश दिये जायें एवं छात्रावासों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, स्वच्छ पेयजल प्रदाय हो, छात्रावासों के कैंटीन एवं महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के कैंटीन में खान-पान संबंधी सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये एवं इसकी सतत समीक्षा की जाये। साथ ही केंटीन में उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता का भी सतत् परीक्षण किया जाए । श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि संस्थान के छात्र-छात्राओं से विशेष रूप से कनिष्ठ छात्र-छात्राओं से शिक्षकों एवं छात्रावास अधीक्षक निरंतर संवाद करें, कोई समस्या बताए जाने पर उनका तत्काल निराकरण करने का दायित्व संस्था प्रमुख का होगा।

# चूहे पकड़ने में लगी डॉक्टर्स की ड्यूटी, एमवाय अस्पताल में ऑपरेशन 'रेट किल' शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले के एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजातों की मौत के बाद प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। अब अस्पताल में ' ऑपरेशन रेट किल ' शुरू किया गया है। हर यूनिट में चूहों को पकड़ने और मारने का काम चल रहा है। 24 घंटे में कितने चूहे मारे गए, कितने पकड़े गए, इसकी रिपोर्ट रोज बनाई जाएगी।**




दरअसल, जिन चूहों ने अस्पताल में नवजातों की जान ली, उसी पर निगरानी रखने वाली एजाइल पेस्ट कंट्रोल कंपनी पर पहले ही सवाल उठ चुके हैं। अब इस कंपनी को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार रात डॉ. महेश कछारिया को असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट बनाकर इस पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अस्पताल प्रशासन ने चूहों को खत्म करने के लिए बड़े पिंजरे, रोडेंट ग्लू ट्रैप और तेज असर वाली दवाइयां इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि हर यूनिट के इंचार्ज की जिम्मेदारी तय की गई है। उन्हें बताना होगा कि 24 घंटे में कितने चूहे पकड़े गए और कितने मारे गए। अब अस्पताल में चूहों की एंट्री रोकने के लिए बाहरी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जहां से मरीज और उनके परिजन अंदर आते हैं, वहां गार्डों की ड्यूटी लगाई गई है। उनके सामान की भी सख्त चेकिंग हो रही है, ताकि कोई भी खाद्य पदार्थ अंदर न ले जाया जाए। सीढ़ियों और छह लिफ्टों में भी गार्ड तैनात हैं। आदेश दिए गए हैं कि अस्पताल के अंदर किसी भी हाल में चूहों की एंट्री नहीं होनी चाहिए। अगर कहीं चूहे दिखें तो तुरंत इंचार्ज को सूचना देने के लिए हर फ्लोर पर नोटिस चिपकाए गए हैं। अस्पताल के हर कॉरिडोर, वार्ड और यूनिट में CCTV कैमरे लगाए गए हैं। 24 घंटे इन कैमरों से चूहों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रात के समय चूहों की संख्या ज्यादा रहती है, इसलिए निगरानी और सख्त कर दी गई है। चूहों को पकड़ने के लिए जगह-जगह बिस्किट, केक और अनाज का लालच दिया जा रहा है। साथ ही जहरीले दाने रखे गए हैं, ताकि चूहे फंस जाएं और तुरंत खत्म किए जा सकें। मामले के बाद अस्पताल के डीन ने एजाइल कंपनी को हटाने और ब्लैकलिस्ट करने के लिए भोपाल को पत्र लिखा है। कंपनी पर केवल एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन अब बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव, डॉ. बृजेश लाहोटी, प्रो. डॉ. मनोज जोशी और अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट डॉ. मुकेश जायसवाल और कई नर्सिंग स्टाफ को सस्पेंड कर दिया गया है। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मार्गरेट जोसफ को पद से हटाया गया है और नर्सिंग ऑफिसर प्रेमलता राठौर का ट्रांसफर कर दिया गया है।

## पिपलियाहाना में होटल का अवैध हिस्सा जेसीबी से किया ध्वस्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम की रिमूवल टीम ने बुधवार को पिपलियाहाना इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक होटल का अवैध हिस्सा ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई से पहले होटल मालिक राजेश जैन और तनय जैन को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस थमाया गया था। नोटिस के बावजूद जब अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो निगम ने कार्रवाई की। सुबह से ही दोनों ओर के रास्ते बंद कर दिए गए और होटल के खाली छोड़े जाने वाले हिस्से (मेजर ऑफ स्पेस) पर किए गए कब्जे को ध्वस्त कर दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम की रिमूवल टीम जेसीबी और पोकलेन मशीनों के साथ सुबह ही पीपलियाहाना पहुंच गई।

होटल मालिक को नोटिस सौंपने के बाद सबसे पहले आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। होटल के सामने से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर यातायात रोक दिया गया ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो। इसके बाद टीम ने होटल के तीनों फ्लोर का आगे का हिस्सा गिरा दिया। नगर निगम को शिकायत मिली थी कि होटल मालिक राजेश जैन और तनय जैन ने उस हिस्से पर भी निर्माण कर लिया है जिसे खाली छोड़ा जाना था। शिकायत की पुष्टि के बाद नगर निगम ने 15 दिन पहले ही होटल को नोटिस देकर सील कर दिया था। उस समय होटल मालिक ने शपथ पत्र देकर आश्वासन दिया था कि वे अवैध हिस्सा हटा लेंगे। होटल मालिकों द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। इसके बाद निगम की रिमूवल टीम ने बुधवार सुबह मौके पर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने साफ कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नोटिस के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

### झुकी नजरें, लोकायुक्त के हाथों में दोनों हाथ...

# 2000 रुपए में ईमान बेच रहीं प्रिंसिपल मैडम को रहा पछतावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लोकायुक्त की टीम ने इंदौर में बड़ी कार्रवाई की है। सांवेर में शासकीय स्कूल की प्रिंसिपल को 2000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। लिफाफा में रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। पकड़े जाने पर प्रिंसिपल मैडम को पछतावा हो रहा रहा है। लोकायुक्त की टीम से उनका कहना था कि गलती हो गई है। वहीं, पकड़े जाने के बाद पहले तो तेवर दिखाई फिर सिर भी नहीं उठा पा रही थीं।**



दरअसल, सांवेर स्थित शासकीय सांदीपनी मॉडल स्कूल कछालिया के शिक्षक आशीष मारू ने लोकायुक्त से शिकायत की थी। स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा पहाड़िया उसकी सेवा स्थाई करने के लिए रिश्वत की मांग कर रही हैं। शिक्षक की शिकायत पर लोकायुक्त टीम ने इसका सत्यापन किया। इसके बाद ट्रैप दल ने आज कार्रवाई की है और प्रिंसिपल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आवेदक की उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग-1 के पद पर नियुक्ति दिनांक 13.10.2021 को शासकीय सांदीपनी मॉडल स्कूल कछालिया सांवेर जिला इंदौर में हुई थी। आवेदक की परीवीक्षा अवधि दिनांक 13.10.2024 को पूर्ण हो चुकी थी, परीवीक्षा अवधि पूर्ण होने से आवेदक की स्थाई नियुक्ति हेतु फाइल संकुल प्राचार्य के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय इंदौर भेजनी है।

आवेदक की शिक्षण संस्था द्वारा दिनांक 27.01.2025 को आवेदक की फाइल संकुल प्राचार्य मनीषा पहाड़िया के पास भेज दी गई थी। संकुल प्राचार्य मनीषा पहाड़िया ने शिकायतकर्ता और उसके साथी शिक्षक महेश गोयल की फाइल को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय इंदौर अग्रेषित करने के एवज में 2,000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। रिश्वत की मांग पर शिक्षक इंदौर लोकायुक्त से इसकी शिकायत की। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर आज दिनांक 10.09.2025 को ट्रैपदल का गठन कर आरोपी को आवेदक से 2,000 रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम की धारा-7. के अंतर्गत कार्यवाही जारी है। वहीं, कार्रवाई की तस्वीर लोकायुक्त ने जारी की है। इस तस्वीर में दिख रहा है कि प्रिंसिपल मैडम को अपने किए पर पछतावा है। लोकायुक्त की कस्टडी में उनकी नजरें झुकी थीं। साथ ही लोकायुक्त के कॉन्स्टेबल उनके दोनों हाथ पकड़े हुए थे।

## नेता को पुलिस हिरासत से 'छुड़ा ले गए' भाजपाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुलिस जब भाजपा नेता को थाने ले गई तो 50 से ज्यादा लोग भी पहुंच गए। इनमें पार्षद राकेश जैन भी शामिल थे। वे पुलिस पर भाजपा नेता को छोड़ने का दबाव बनाकर छुड़ा ले आए। घटना द्वारकापुरी में 5 सितंबर की है। भाजपा पार्षद राकेश जैन के समर्थक सूरज शर्मा का एक वीडियो सामने आने पर पुलिस उसे 10 सितंबर मंगलवार देर रात थाने ले गई थी। सूरज ने पड़ोस में रहने वाली महिलाओं को पिस्टल दिखाकर धमकाया था। पूछताछ में उसने दावा किया कि वह असली पिस्टल नहीं, बल्कि लाइटर था। थाने में पूछताछ चल ही रही थी कि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पार्षद राकेश जैन के साथ पहुंच गए। वे टीआई सुशील पटेल पर सूरज को छोड़ने का दबाव बनाने लगे। इस बीच विधायक मालिनी गौड़ के हस्तक्षेप के बाद बिना किसी कानूनी कार्रवाई के सूरज को रात करीब 1 बजे छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार, पार्षद राकेश जैन के वार्ड 85 में गोपाल पाल ने एक पोस्टर लगाया था। इस पोस्टर में वार्ड 82 के पार्षद शानू शर्मा का फोटो था। पोस्टर सूरज शर्मा के घर के पास लगा था, जिस पर खुद का फोटो नहीं होने पर उसने विवाद किया। सूरज ने धमकी दी और अगले दिन पार्षद शानू शर्मा की तस्वीर वाला बैनर हटवाकर दूसरा बैनर लगवा दिया। इसके बाद गोपाल के पिता से सूरज की कहासुनी हो गई। सूरज पिस्टल लेकर मौके पर पहुंच गया। मामला बाद में क्षेत्रीय विधायक तक पहुंचा। करीब दो घंटे थाने में बैठने के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं के दबाव में एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

### गर्लफ्रेंड को वीडियो कॉल कर बोला-

## जिंदगी खत्म कर रहा हूं, फिर फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में मंगलवार को एक निजी कंपनी के कर्मचारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड से पहले उसने असम में रहने वाली अपनी गर्लफ्रेंड को वीडियो कॉल किया था। गर्लफ्रेंड ने तुरंत उसके दोस्त को सूचना दी, लेकिन जब तक वह कमरे पर पहुंचा, कर्मचारी की मौत हो चुकी थी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि पत्नी और गर्लफ्रेंड के बीच चल रहे तनाव के कारण आशीष ने आत्महत्या की। पुलिस के मुताबिक मृतक आशीष त्रिपाठी (39), पुत्र द्वारिकाप्रसाद त्रिपाठी, परदेशीपुरा में किराए के कमरे में रहता था। मंगलवार को उसने फांसी लगाकर जान दे दी। दोस्त शुभम ने बताया कि आशीष ने सुसाइड से ठीक पहले असम में रहने वाली अपनी गर्लफ्रेंड श्वेता को वीडियो कॉल किया था। कॉल पर आशीष ने कहा कि वह अपनी जिंदगी खत्म कर रहा है। यह सुनकर श्वेता ने तत्काल शुभम को फोन किया। शुभम जब आशीष के घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो आशीष का शव फंदे पर लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि आशीष और श्वेता की पहचान इंदौर की एक कॉल सेंटर कंपनी में काम के दौरान हुई थी। बाद में दोनों लिव-इन में भी रहे।

## महिला को पति ने मार-मारकर अधमरा कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) **इंदौर।** उज्जैन के नागझिरी में रहने वाली एक महिला को उसके पति ने मार-मारकर अधमरा कर दिया। महिला का मायका इंदौर में है। उसे गंभीर हालत में उसके मायके पक्ष के लोगों ने इंदौर लाए और अरबिंदो हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बाणगंगा पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। हाईकोर्ट के वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि महिला सानू की उज्जैन के संदीप माली से शादी हुई थी। उनकी एक बच्ची भी है। विवाह के बाद से ही पति पीड़िता सानू के साथ आए दिन मारपीट करता रहता था। 9 सितंबर 2025 को उज्जैन में पति संदीप माली ने लात-घूंसों से, पानी के घड़ों, कुर्सी, डंडों से मारपीट कर उसे अधमरा कर कर दिया। जानकारी लगने पर पीड़िता के चाचा जितेन्द्र अपनी पत्नी के साथ उज्जैन पहुंचे। वे उसे इंदौर लेकर आए। डॉक्टरों ने जब यहां चेकअप किया तो पीड़िता के शरीर में गंभीर चोटें होने पर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता के हाथ में फ्रेक्चर होने एवं उंगलियां भी टूट गई। बाणगंगा पुलिस ने मंगलवार रात पीड़िता के बयान लिए थे। यहां सानू ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके मामा ससुर उज्जैन में पार्षद रह चुके हैं। उनके नाम से संदीप अपने ससुराल के लोगों को धमकाता था। संदीप की हरकतों के चलते उसके मामा ने भी परिवार से दूरी बना ली थी। रात में परिवार को फिर से पति ने मोबाइल पर धमकियां दीं। इसके बाद परिवार ने पुलिस से संपर्क किया है। न्याय साथी संस्था की फाउंडर एडवोकेट डॉ. रूपाली राठौर ने बताया जैसे ही पीड़िता के मायके वालों ने संस्था से संपर्क किया तो संस्था ने रातभर पीड़िता के मायके वालो को तत्काल विधिक मदद उपलब्ध कराई एवं पीड़िता के शरीर पर आई चोटों को देखकर संस्था भी गंभीर है।

## श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

# भाविकों के साथ महिलाओं व संयोजकों ने थिरकाए कदम

श्रीक्षेत्र शुक्रताल (महेंद्र पालीवाल, प्रबंध संपादक DGR ग्रुप*)
@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धर्मप्रेमी प्रायः श्रद्धा और भक्ति में इतने लीन व तल्लीन हो जाते हैं कि उन्हें स्वयं का भी भान नहीं रहता। इसका उदाहरण देते हुए पंडित हरिनारायण वैष्णव ने भक्त गोरा कुंभार की भक्ति की तल्लीनता का दृश्य श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत कर समझाया कि सच्चा भक्त कैसा होना चाहिए। संत नामदेव भी भक्तों की पंक्ति में सदैव अग्रणी रहे। असीम भक्ति से परिपूर्ण संत नामदेव ने सातांईस बार भगवान के दर्शन किए, फिर भी कभी इसका घमंड नहीं किया। यह सत्यता आज की दिखावटी भक्ति की दुनिया में दुर्लभ है, ऐसा उन्होंने श्रोताओं को स्पष्ट रूप से बताया। उन्होंने कहा कि भूतदय का सद्गुण संतों से ही सीखना चाहिए। संत नामदेव के श्वान-प्रेम से साक्षात श्रीविट्ठल भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ था, यह प्रसंग भी उन्होंने सुनाया।**

संतश्री वैष्णव ने भक्त और भगवान का संबंध अटूट है, इस संदर्भ में अनेक दृष्टांत श्रोताओं को सुनाए। उन्होंने कहा कि सभी भक्त भगवान को समान प्रिय होते हैं और श्रोताओं से परमेश्वर के साथ अपना संबंध जोड़ने का आग्रह किया। जीवन में चार दान का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि अन्नदान सेवा कार्य में सदैव आगे रहकर जीवन को सुखमय व सफल बनाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज के समय में नारी-चरित्र का बहुत अवमूल्यन हो रहा है। इस पर प्रकाश डालते हुए पंडितजी ने महिलाओं को प्रतिदिन तुलसी की पूजा व सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि प्राचीन सभ्यता को अपनाया जाए तो संस्कारों की कमी नहीं रहेगी और जीवन के कार्यों में कभी कोई बाधा नहीं आएगी। वर्तमान स्थिति में बहुएँ कैसे आचरण करती हैं, इसका प्रत्यक्ष चित्रण भी उन्होंने श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया और कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की भी शिक्षा देनी चाहिए।






भागवत ग्रंथ में वर्णित पतिव्रता नारी सांडली की कथा उन्होंने विस्तार से सुनाई और कहा कि पतिव्रता नारी में अद्भुत शक्ति होती है, जिसका पौराणिक और शास्त्रीय महत्व है। आज की परिस्थितियों में बेटियों को जागरूक होना चाहिए और माता-पिता के संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करके अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए।

इस अवसर पर कथा के अंत में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान झाडोत परिवार द्वारा आरती की गई।

---

## प्रचुर ऑक्सीजन देने वाले लगेंगे एक लाख पौधे

# शहर में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीजन गार्डन

◆ **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 14 सितम्बर को लगाएंगे पौधे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में प्रदेश का पहला ऑक्सीजन गार्डन बनेगा। इस गार्डन में प्रचुर ऑक्सीजन देने वाले एक लाख पौधें लगाये जायेंगे। पौधें लगाये जाने की शुरूआत 14 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारियों प्रारंभ हो गई है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।



इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम के जन कार्य समिति के सभापति राजेन्द्र राठौर, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिये विकसित होने वाले इस गार्डन में 14 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण करेंगे। साथ ही 'एक बगिया मां के नाम' परियोजना के तहत यहां पर फलदार पौधों का भी रोपण अतिथियों द्वारा किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प पर्यावरण सुधार और हरित भारत के अंतर्गत देश में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 141 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में यह संकल्प साकार रूप ले रहा है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा इस अभियान को मूर्त रूप देने हेतु अधिकारियों के साथ बैठक भी ली गई। मंत्री श्री सिलावट ने कनाड़िया जाकर उक्त पहाड़ी का निरीक्षण कर कार्यक्रम की प्रस्तावित तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र स्थित गुलमर्ग परिसर के पीछे 28 बीघा पहाड़ी क्षेत्र पर एक लाख पौधों का रोपण किया जायेगा।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दिया मध्यप्रदेश को 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड' अवॉर्ड




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) को प्रतिष्ठित बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान नई दिल्ली के ली मेरिडियन में आयोजित भव्य इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स 2025 समारोह में प्रदान किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान ने भारत के पर्यटन क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्टता और सतत विकास को लेकर मध्य प्रदेश की अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया है।**

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यह सम्मान मध्यप्रदेश की जनता और यहां की संस्कृति के गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन को विकास की धुरी बनाने का संकल्प लिया है। प्रदेश की धरोहर, प्राकृतिक संपदा और लोकपरंपराओं को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। यह अवॉर्ड हमें और ऊर्जा देता है कि हम पर्यटन को न केवल राज्य की पहचान, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत साधन भी बनाएं। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि यह अवॉर्ड हमारी टीम की साझा मेहनत और विजन का परिणाम है। हमारा लक्ष्य सिर्फ नए पर्यटन स्थल बनाना नहीं है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देना, महिलाओं को नए अवसर प्रदान करना, हमारी संस्कृति और परंपराओं को संजोना, प्राकृतिक धरोहर को बचाना और पर्यटन को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। यह सम्मान हमें और प्रेरित करता है कि हम हृदय प्रदेशमध्य प्रदेश को ऐसा खास पर्यटन स्थल बनाएं, जहां परंपरा, प्रकृति और आधुनिकता एक साथ दिखाई दें। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने, इको-टूरिज्म सर्किट विकसित करने, सामुदायिक होमस्टे को बढ़ावा देने, साहसिक और अनुभवात्मक पर्यटन को विस्तार देने के साथ-साथ आतिथ्य सत्कार और विजिटर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की दिशा में बोर्ड सतत रूप से कार्यरत है। हमारा लक्ष्य पर्यटकों को विश्वस्तरीय पर्यटन अनुभव प्रदान करना है।

## साड़ी से गर्दन कस मार डाला, सियार से लड़ते-लड़ते बेहोश, बुजुर्ग महिला की गजब दिलेरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** 65 साल की एक बुजुर्ग महिला पर सियार ने अचानक हमला कर दिया। महिला 30 मिनट तक सियार से लड़ती रही। उन्होंने जान बचाने के लिए अपनी साड़ी का फंदा बनाया और सियार का जबड़ा पकड़कर उसके गले में कस दिया। इस दौरान सियार लगातार हमला करता रहा। बुजुर्ग महिला ने फंदे को तब तक खींचकर रखा जब तक सियार ने दम नहीं तोड़ दिया। बुजुर्ग महिला सियार से लड़ते लड़ते बेहोश तक हो गई। उन्हें गांव वालों ने देखा तो अस्पताल पहुंचाया। उनको करीब 6 घंटे बाद अस्पताल में होश आया। सियार ने महिला के शरीर पर 18 जगह काटा है। जिला अस्पताल में भर्ती सूरजिया बाई जाटव बदरवास थाना क्षेत्र के बरखाड़ी गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि परिवार खेती करता है। घर पर मवेशी हैं उनके लिए हर दिन घास लानी होती है। मैं खेत में घास काट रही थी, इसी दौरान पुलिया की ओर से कुछ आवाज आई। मैं कुछ समझ पाती इससे पहले एक सियार ने मुझ पर हमला बोल दिया।

## एक और पटवारी रिश्वत लेते पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। लगभग हर दूसरे दिन कहीं न कहीं लोकायुक्त टीम रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ रही है लेकिन इसके बावजूद रिश्वतखोर बाज आते नजर नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला मध्यप्रदेश के जबलपुर का है जहां मझौली तहसील में पदस्थ पटवारी को लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। जबलपुर की मझौली तहसील के दर्शनी गांव की रहने वाली बिशाली पटेल ने लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि मझौली तहसील के दर्शनी गुरजि में पदस्थ पटवारी प्रवीण कुमार पटेल ने उससे 6 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की है। ये रिश्वत उसकी पैतृक जमीन के बंटवारे को कंप्यूटर एवं बही पर चढ़ाने के एवज में पटवारी प्रवीण कुमार पटेल उनसे मांग रहा है। रिश्वत के रूपये न देने पर कई दिनों से दफ्तर के चक्कर पटवारी के द्वारा आवेदक को कटवाए जा रहे थे।

## अब सप्ताह में पांच दिन दरबार लगाएंगे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** बागेश्वर धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को यह जानने के लिए उत्सुकता रहती थी कि कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दरबार कब लगेगा। कब उनके दर्शन हो सकेंगे। तो आपको बता दें कि धाम पर अब सात दिन में पांच दिन दरबार लगाया जाएगा। जिसमें नई अर्जी, पुरानी पेशी सहित प्रेतराज का दरबार शामिल हैं। इसे लेकर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने नई व्यवस्था को लेकर सात दिन की नियमावली बताई है। इस नियमावली के अनुसार ही धाम पर दरबार लगाया जाएगा और अन्य कार्य किए जाएंगे। इस लेकर शास्त्री जी ने एक वीडियो जारी किया है और उस वीडियो में उन्होंने सात दिन की नियमावली बनाई है। आपको बता दें कि धाम पर देशभर से श्रद्धालु रोजाना पहुंचते हैं और शनिवार मंगलवार को तो अत्यधिक भीड़ होती है। अब लोगों को यह जानकारी रहेगी कि वह कब कौन सा दरबार लगाएंगे। रविवार को वह किसी से नहीं मिलेंगे। इस दिन वह धाम की व्यवस्थाओं पर ध्यान देंगे।

## मां नर्मदा की उद्गम स्थली में कपिलधारा पहुंच मार्ग का भूमिपूजन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अमरकंटक में कपिलधारा पहुँच मार्ग का भूमिपूजन किया। माँ नर्मदा की उद्गम स्थली को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि यह मार्ग केवल सड़क नहीं बल्कि श्रद्धा और आस्था को आधुनिकता से जोड़ने वाला पथ बनेगा।

कपिलधारा जलप्रपात, जिसे ऋषि कपिल की तपोभूमि माना जाता है, हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि पाँच किलोमीटर लंबे इस नए पहुँच मार्ग को ऐसा रूप दिया जाएगा, जिससे यह केवल सड़क न लगकर एक पर्यटन स्थल जैसा अनुभव प्रदान करेगा। इस दो लेन चौड़े मार्ग पर पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ, छायादार आश्रय स्थल, कम्पोस्ट शौचालय और सौर ऊर्जा से संचालित दीपक लगाए जाएँगे। मार्ग की बाउंड्री पर कपिल मुनि की तपस्या, राजा सगर के पुत्रों और माँ गंगा के अवतरण की गाथाएँ उकेरी जाएँगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह मॉडल भीमबेटका और भोजपुर जैसे स्थलों पर भी लागू किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश के मुख्य अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय प्रस्तुतियाँ दी गई। मंत्री श्री सिंह ने गुणवत्ता पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों ने औचक निरीक्षणों में सख़्ती दिखाई है, वहीं कुछ ने बिल्कुल भी कार्रवाई नहीं की। यह रवैया अब स्वीकार्य नहीं होगा।

## जुड़वां बच्चों की मौत

## पोस्टमार्टम के लिए दफनाए बच्चे का शव निकाला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी।** ग्राम कछवानिया में 15 दिन पूर्व जन्मे जुड़वां बच्चों की मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर स्वजन दोनों को धामनोद अस्पताल ले गए थे, जहां से लौटने के बाद आधे घंटे के अंदर दोनों बच्चों की मौत हो गई। स्वजन ने पहले एक शिशु को दफना दिया था, लेकिन बाद में पूरे मामले की जांच के लिए दफनाए गए शव को खोदकर निकाला गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए इंदौर भेजा गया है। धामनोद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कछवानिया निवासी शिवकन्या पत्नी विनोद ने 26 अगस्त को धामनोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जुड़वां शिशुओं को जन्म दिया था। ग्रामीणों और स्वजन ने दोनों बच्चों की मौत पर संदेह जताया और मामले की जांच की मांग की। बुधवार सुबह तहसीलदार कुणाल अवास्या और धामनोद पुलिस की मौजूदगी में दफनाए गए शिशु के शव को निकाला गया। शवों को धामनोद अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल इंदौर भेजा गया। धामनोद सीबीएमओ डॉ. कीर्ति बैरागी के मुताबिक, पीएम रिपोर्ट से ही मौत के कारण का पता हो पाएगा।

## सपा कार्यकर्ताओं का कैंप खजुराहो में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार करने में जुट गई है। 19 और 20 सितंबर को खजुराहो में समाजवादी पार्टी के चुनिंदा 500 कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग होगी। इस ट्रेनिंग के लिए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की ओर से यूपी के 4 सपा सांसदों सहित कुल 10 दिग्गज नेताओं को भेजा जाएगा। उत्तरप्रदेश से सटे मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में सपा का अच्छा प्रभाव रहा है। छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, रीवा, सतना, भिंड, सीधी और बालाघाट तक सपा का अच्छा प्रभाव रहा है। खजुराहो में एयरपोर्ट कनेक्टिविटी होने और यूपी-एमपी के बुंदेलखंड से नेताओं को आने जाने के लिए सुविधाजनक है। ऐसे में ट्रेनिंग के लिए खजुराहो को चुना गया है।

## सीएम ने नेपाल में छतरपुर के नागरिकों के फंसे होने की सूचना पर लिया संज्ञान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर के कुछ परिवारों के सदस्यों के नेपाल में फंसे होने के समाचार पर संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि नेपाल में इन दिनों सामान्य स्थिति नहीं है और वहां छतरपुर जिले के कुछ नागरिकों का फंसा होना चिंता का विषय है। उनकी सकुशल वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनकी सकुशल भारत वापसी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। संकट की इस घड़ी में मध्यप्रदेश सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नेपाल में फंसे प्रदेश के नागरिकों की हरसंभव मदद के लिए तत्पर है।

## संपादकीय

# नेपाल संकट से भारत को क्या सबक सीखना चाहिए

कांग्रेस ने नेपाल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि भारत को वहां के हालात पर नजर बनाए रखने और इंतजार करने (वेट एंड वाच) की रणनीति पर अमल करना चाहिए। साथ ही जो कुछ हुआ है उसे समझना, आत्मसात करना और 'उससे सबक लेना' जरुरी है। पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने यह भी कहा कि नेपाल में हो रही घटनाएं चिंता का विषय हैं, लेकिन भारत अभी कुछ ख़ास नहीं कर सकता। खुर्शीद ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि सरकार के स्तर पर इस बारे में विचार हो रहा होगा कि कि हम कैसे मदद कर सकते हैं।' उन्होंने यह टिप्पणी नेपाल में गंभीर राजनीतिक संकट के बीच की है। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद इस्तीफ़ा दे दिया। प्रदर्शनकारियों ने कई सरकारी इमारतों में घुसकर संसद और कई बड़े नेताओं के घरों में आग लगा दी। हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई है। खुर्शीद ने कहा कि भारत के लोगों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है क्योंकि दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते हैं। उनका कहना था, '(नेपाल का) नेतृत्व करने वाली कई पीढ़ियों ने भारत में शिक्षा हासिल की हैं। उनमें से कई के रिश्तेदार भारत में हैं। हमें अपने पड़ोसी देश और उसके लोगों, दोनों की फिक्र है। पारंपरिक रुप से, चाहे कुछ भी हुआ हो और नेपाली राजनीति में जो भी बदलाव आए हों, हम हमेशा उनके लोकतंत्र के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं।' पूर्व विदेश मंत्री ने कहा कि वहां जो हो रहा है वह दुखद और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और भारतीय नागरिक बस यही प्रार्थना कर सकते हैं और नेपाल के लिए अच्छे भविष्य की कामना कर सकते हैं और जल्द से जल्द वहां शांति लौट आए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के पास अभी स्थिति पर नजर बनाए रखने और इंतजार करने के के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पूर्व विदेश मंत्री ने कहा, 'बहुत बारीकी, बहुत सावधानी, बहुत सहानुभूतिपूर्वक देखना होगा। यह जरुरी है क्योंकि आप जानते हैं कि जब इस तरह की अशांति होती है, तो हर तरह के लोग दूसरों के लिए परेशानी खड़ी करने की कोशिश करते हैं, जिन्हें वे पसंद नहीं करते। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि भारत और भारतीय नागरिकों के साथ ऐसा न हो।' नेपाल संकट से भारत को क्या सबक सीखना चाहिए, इस बारे में पूछे जाने पर खुर्शीद ने कहा कि पूरे क्षेत्र में, 'हम विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे के अनुभवों और तरक्की से सीखते हैं।' खुर्शीद ने कहा, 'जो कुछ भी एक पड़ोसी को प्रभावित करता है, जो कुछ भी एक दोस्त को प्रभावित करता है, वह अनिवार्य रुप से, परोक्ष रुप से आपको भी प्रभावित करता है। मुझे लगता है कि जो कुछ भी हुआ है उसे समझना, आत्मसात करना, अच्छे की उम्मीद करना और निश्चित रुप से उससे सबक लेना ज़रुरी है।' कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि पीढ़ीगत बदलाव हो रहे हैं और नई पीढ़ी के साथ तालमेल बिठाने में सक्षम होना चाहिए।

## OSHO कहिन

**"आध्यात्मिकता केवल मंदिरों और मस्जिदों में नहीं, आपके जीवन के हर पल में होती है।"**



## धर्म कर्म

**इस साल पितृपक्ष 21 सितंबर तक है। पितृपक्ष में पितृदोष शांति के उपाय करने चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि पितृदोष आपको दिखाई नहीं देता, लेकिन इससे आपके घर की तरक्की रुक जाती है। परिवार में लड़ाई झगड़े होते है और संतान आदि की समस्या रहती है, घर में कोई न कोई बीमार ही रहता हो।**

# पितृदोष से बचने के लिए क्या उपाय करें



इस साल पितृपक्ष 21 सितंबर तक है। पितृपक्ष में पितृदोष शांति के उपाय करने चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि पितृदोष आपको दिखाई नहीं देता, लेकिन इससे आपके घर की तरक्की रूक जाती है। परिवार में लड़ाई झगड़े होते है और संतान आदि की समस्या रहती है, घर में कोई न कोई बीमार ही रहता हो। पितृदोष से बचने के लिए हर अमावस्या पर पितरों के लिए तर्पण करें और उनके नाम से दान करें। पितरों द्वारा रुष्ट होने के कारण पितृदोष आपको हमेशा परेशान करता है। इसलिए पितरों के इस दोष से बचने के लिए अपने सभी पितरों का उनकी तिथि के दिन श्राद्ध करें। ऐसा कहा जाता है कि पितर तूपत होने के आस से पितृपक्ष में आते हैं। इस दौरान अगर कोई पितरों का श्राद्ध नहीं करता है, वो बिना तृप्त होकर वापस लौट जाते हैं। जिससे दुखी होकर वे दुखी होते हैं। इसलिए पितरों को तृप्त और उनका आभार प्रकट करने के लिए हमें पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करना चाहिए।

वेदों और पुराणों में पितरों की संतुष्टि के लिए मंत्र ,स्तोत्र एवं सूक्तों का वर्णन है जिसके नित्य पठन से किसी भी प्रकार की पितृ बाधा क्यों ना हो ,शांत हो जाती है। अगर नित्य पठन संभव ना हो , तो कम से कम प्रत्येक माह की

अमावस्या को पितरों के लिए भोजन घी एवं एक रोटी गाय को खिलाएं, उनको अग्यारी दें, पांच जगह उनके लिए भोजन निकालें और तर्पण करें,इससे भी पितृ दोष शांत होता है। अमावस्या की शाम को एक उड़द की दाल का तेल का दीपक पीपल के नीचे जलाएं।

पितृदोष को शांत करने का सबसे उत्तम उपाय है, सूर्य को जल अर्पित करना। सूर्य को ताम्बे के लोटे में जल भरकर ,लाल फूल ,लाल चंदन,रोली से सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए। रोजाना एक स्टील के लोटे में काले तिल, जौ एवं सफेद फूल डालकर दक्षिण दिशा में अपने पितरों को जल दें।

पितृपक्ष में पिंड दान ,गौ -दान ,तालाब आदि बनवाना से भी पितृदोष खत्म होता है। पितृ पक्ष में नित्य रात को रसोई में पानी रखने के स्थान पर एक तेल का दीपक जलाएं। गीता के सप्तम अध्याय का पाठ करें। प्रतिदिन गाय, कौवा एवं कुत्ते को रोटी दें।

New Delhi

# दिल्ली में बड़ी साजिश नाकाम, अब तक पांच आतंकी गिरफ्तार, केमिकल हथियार का जखीरा बरामद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली, रांची और मध्य प्रदेश सहित आईएसआईएस के अब तक पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार कर एक बड़े मॉड्यूल का खुलासा किया है। इसमें से दो संदिग्ध आतंकी दिल्ली से दबोचे गए हैं, जबकि दो झारखंड से और एक मध्य प्रदेश पकड़ा गया है। हालांकि कई लोगों को पुलिस ने अभी हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि इन संदिग्धों के खिलाफ पुलिस को कोई सबूत मिलता है तो गिरफ्तारी की संख्या में और भी इजाफा हो सकता है।



कल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, झारखंड एटीएस और रांची पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में रांची के इस्लामनगर इलाके से दो संदिग्ध आतंकियों, अशहर दानिश और आफताब, को गिरफ्तार किया था। अशहर दानिश, जो बोकारो जिले का रहने वाला है, को रांची के तबारक लॉज से हथियार और विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़ा गया। वहीं, आफताब को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया, जो मुंबई का निवासी है। दोनों पर आईएसआईएस के स्लीपर सेल से जुड़े होने और रासायनिक हथियार बनाने की क्षमता रखने का आरोप है। छापेमारी के दौरान अशहर दानिश के पास से हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सल्फर पाउडर और अन्य विस्फोटक सामग्री के साथ-साथ एक पिस्तौल, डिजिटल उपकरण और दिल्ली के कुछ इलाकों के नक्शे बरामद हुए।

Bihar

## पटना में दुकान पर खरीदारी कर रहे राजद नेता को गोलियों से भूना थाने से कुछ दूरी पर हत्या



**पटना।** राजधानी पटना से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। यहां राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह ताजा मामला पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के मुन्नाचक इलाके का है, जहां राजकुमार राय उर्फ 'अल्ला राय' को घात लगाकर पीछा कर रहे दो अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारीं। पटना पूर्वी एसपी ने बताया कि मृतक राजकुमार राय एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े थे और उनका जमीन-संबंधी कारोबार भी था। सीसीटीवी फुटेज में अपराधी दो की संख्या में दिख रहे हैं। घटना स्थल से पुलिस ने छह खोखे बरामद किए हैं।

मृतक मूल रूप से वैशाली के राघोपुर के रहने वाले थे और वर्तमान में मुन्नाचक में रहते थे। बताया गया है कि वे किसी काम से अपनी कार से लौटे थे और घर के ठीक पहले एक गली में स्थित होटल से कुछ खाने का सामान खरीद रहे थे। उसी दौरान, अपराधियों ने उन पर छह गोलियां चलाईं, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही, चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल राजकुमार राय को पीएमसीएच अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, घटना स्थल पर पूर्वी एसपी परिचय कुमार, एएसपी सदर अभिनव, कंकड़बाग थाना प्रभारी अभय कुमार और चित्रगुप्त नगर थानाध्यक्ष सहित कई अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

New Delhi

## 40 रीजनल पार्टियों को ₹2532 करोड़ की इनकम हुई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने 40 रीजनल पार्टियों की इनकम रिपोर्ट जारी की है। इन पार्टियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 2532.09 करोड़ रुपए की आय घोषित की है। इसमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा करीब 1796.024 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड से आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत राष्ट्र समिति (BRS) ने सबसे ज्यादा 685.51 करोड़ रुपए की आय दर्ज की। उसके बाद तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने 646.39 करोड़ रुपए, बीजू जनता दल (BJD) ने 297.81 करोड़ रुपए की इनकम रही। वहीं, तेलुगु देशम पार्टी (TDP) ने 285.07 करोड़ रुपए और वाईएसआर कांग्रेस ने 191.04 करोड़ रुपए की इनकम की। 40 क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित कुल आय का 83.17 प्रतिशत इन पांच पार्टियों को मिला है। ADR ने बताया कि 2022-23 की तुलना में पार्टियों की इनकम 45.77 प्रतिशत बढ़ी है। 2022-23 में इन पार्टियों की इनकम 1,736.85 करोड़ रुपए थी। तब TMC ने सबसे ज्यादा 312.93 करोड़ रुपए कमाए थे।

New Delhi

## देशभर में एक साथ होगा वोटर्स लिस्ट वेरिफिकेशन

**नई दिल्ली। बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिविजन (SIR) यानी वोटर्स लिस्ट वेरिफिकेशन के बाद, अब चुनाव आयोग पूरे देश में एक साथ SIR कराएगा। NDTV ने सूत्रों के हवाले से बताया कि SIR की शुरुआत कब होगी, अभी तक इसकी आधिकारिक तारीख तय नहीं हुई है।**

सूत्रों ने बताया कि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने सबसे पहले बिहार में SIR किया। देश के बाकी हिस्सों के लिए SIR की तारीख का ऐलान अलग से जारी किया जाएगा। चुनाव आयोग ने इस साल 24 जून को अपने एक आदेश के जरिए पूरे देश में SIR करने की घोषणा की थी। चुनाव आयोग ने देशभर में SIR की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए बुधवार को दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (CEO) ज्ञानेश कुमार भी मौजूद थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बिहार के बाद, इस साल के अंत में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले SIR शुरू हो सकती है। इसका मुख्य मकसद जन्म स्थान की जांच करके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है।

खेल

# भारत की एशिया कप टी20 में गेंदों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत, यूएई के खिलाफ गेंदबाजों का दिखा दम

**दुबई। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने एशिया कप में धमाकेदार आगाज किया है। भारत ने यूएई को नौ विकेट से रौंदकर टूर्नामेंट में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की है। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने अपना दम दिखाया जिसके आगे यूएई के बल्लेबाज एक पल भी चुनौती पेश नहीं कर सके। यूएई की टीम 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन बना पाई जिसके जवाब में भारतीय टीम ने 4.3 ओवर यानी महज 27 गेंदों में एक विकेट पर 60 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल (20) और सूर्यकुमार यादव (7) नाबाद रहे। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी ने एक विकेट झटका।**




यूएई की टीम भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख सकी और कम स्कोर का पीछा करते हुए भारत ने आक्रामक शुरुआत की। भारत के लिए अभिषेक शर्मा के साथ शुभमन गिल पारी का आगाज करने उतरे। अभिषेक ने पारी की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। अभिषेक चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाया है। अभिषेक से पहले रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ऐसा कर चुके हैं। अभिषेक यहीं नहीं रुके और उन्होंने तेज खेलना जारी रखा, लेकिन टीम को जीत दिलाने से पहले ही अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद गिल और सूर्यकुमार ने भारत को पावरप्ले में ही जीत दिला दी। भारत ने इस तरह एशिया कप टी20 में गेंदों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली है। उसने इस मामले में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। टीम ने इससे पहले 2016 में यूएई के खिलाफ 59 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज की थी, लेकिन टीम ने अब 93 गेंदें शेष रहते जीत हासिल कर ली।

भारत और यूएई के बीच एशिया कप के ग्रुप ए का मुकाबला महज 106 गेंदों पर ही समाप्त हो गया। यूएई की पारी 79 गेंदों पर सिमट गई, जबकि भारत ने लक्ष्य हासिल करने में 27 गेंदों का सहारा लिया। इस तरह दोनों पारियां मिलाकर 106 गेंदों पर मैच खत्म हो गया। यह चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच है जो न्यूनतम गेंदों पर समाप्त हुआ है। इससे पहले 2014 में नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ मैच 93 गेंद, ओमान और इंग्लैंड के खिलाफ 2024 में हुआ मैच 99 गेंदों और नीदरलैंड और श्रीलंका के बीच 2021 में शारजाह में खेले गए मैच में सिर्फ 103 गेंद ही डल सकी थी। भारत ने यूएई के खिलाफ 93 गेंदें शेष रहते हुए मैच अपने नाम कर लिया। भारत टी20 में सर्वाधिक गेंदें शेष रहते जीत दर्ज करने वाला दूसरा पूर्णकालिक देश है।

सिनेमा

## टाइगर श्रॉफ की फिल्म को नहीं मिल रही ऑडियंस, बुधवार को कमाए सिर्फ इतने करोड़




टाइगर श्रॉफ की एक्शन-थ्रिलर फिल्म बागी 4 से ऑडियंस और मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं। लंबे वक्त से हिट का इंतजार कर रहे टाइगर ने इस फिल्म से जबरदस्त वापसी की कोशिश की, जिसमें उनका नया अंदाज, जबरदस्त एक्शन और इमोशनल कहानी शामिल थी। हालांकि शुरुआती रिएक्शन के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ने में नाकाम रही है। अच्छी ओपनिंग के बाद वीकेंड पर गिरावट आई, और अब वीकडेज में फिल्म की कमाई में तेज गिरावट देखने को मिल रही है। बुधवार को फिल्म सिर्फ 1.67 करोड़ रुपए कमा पाई। कमाई की बात करें तो फिल्म बागी 4 ने शुक्रवार, 5 सितंबर को 12 करोड़ रुपए की ओपनिंग की। इसके बाद शनिवार को फिल्म का कलेक्शन 9.25 करोड़ रहा, रविवार को हल्का सुधार दिखाते हुए 10 करोड़ की कमाई हुई। वीकडेज की शुरुआत में सोमवार को 4.25 करोड़ और मंगलवार को 4 करोड़ का बिजनेस हुआ। लेकिन बुधवार को फिल्म की पकड़ और ढीली पड़ गई, और सिर्फ 1.67 करोड़ रुपए की कमाई हो सकी। फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 41.42 करोड़ रुपए हो चुका है।

## Highlights

1. PM Modi's advisor gives iPhone example to explain GST simply
2. Northeast woman shuts racist comments by UP men in viral video
3. Fitch revises India's FY26 growth forecast to 6.9%
4. K'taka Congress MLA Satish Sail arrested in money laundering case
5. Ganpati Immersion begins in Mandya 2 days after clashes

# India's GST reforms come at a perfect time for Coal India. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** India's biggest indirect tax overhaul since 2017 comes at a perfect time for Coal India Ltd. battling plateauing demand and bloated inventories.

The GST Council, led by Finance Minister Nirmala Sitharaman increased the goods and services tax on coal while getting rid of a compensation cess. The net impact is a reduction in tax on domestic coal, which aids the miner's goal to cut pricey coal imports.

The Kolkata-based company sees replacing imports as a way to boost sales and save foreign exchange in a tariff-mired global economy. The need is especially pronounced this year, as the miner faced poor demand due to unseasonal rain during the usually scorching summer, causing a decline in electricity use.



Growing competition from other miners and India's expanding renewable energy capacity have further added to its challenges.

The tax changes "will make Coal India more competitive and better prepared to substitute imports," Rupesh Sankhe, senior vice president for research at Elara Capital India Pvt. Ltd., told Bloomberg.

The government has revised GST on hundreds of items—from soaps to small cars—as part of a rationalisation to reduce the number of tax slabs to two (5% and 18%) versus four (5%, 12%, 18% and 28%) earlier. The changes raised the GST on coal to 18% from 5% but dropped a special levy of ₹400/tonne.

Coal India sold the fuel at an average price of ₹1,670/tonne in the quarter through 30 June 2025. The 13 percentage-point hike in GST would mean an additional ₹217. But with the fixed levy scrapped, coal users will end up paying about ₹180 less per ton.

India imported 243.6 million tonnes of coal in the year through March 2025, about a quarter of its total consumption.

# JLR cyberattack compromises some customer data amid prolonged shutdown

**NEW DEIHI, (Agency).** Jaguar Land Rover (JLR) on Wednesday said some customer data has been compromised after the Tata Motors Ltd.-owned British marquee was hit by a cyberattack that derailed production and sales.

The manufacturer of Range Rover and Land Rover SUVs has informed relevant regulators after discovering that some data was affected. British companies must inform the UK Information Commissioner's Office if such information is stolen, or face fines.

"Our forensic investigation continues at pace and we will contact anyone as appropriate if we find that their data has been impacted," Bloomberg quoted a JLR spokesperson as saying in a statement. "We are very sorry for the continued disruption this incident is causing and we will continue to update as the investigation progresses."



JLR is the latest major UK business to suffer this year at the hands of hackers following cyber attacks at Marks & Spencer Group and other retailers. The company's car plants in Halewood and Solihull and its Wolverhampton engine facility, as well as production facilities in Slovakia, China and India have been unable to operate since reports of the cyberattack first surfaced on 2 September.

JLR shut down its IT systems on 31 August, in response to the attack, but couldn't prevent a major disruption to its operations. The company's staff has been asked to stay at home until such a time that the impact has worn off.

The production stoppage has started affecting suppliers as well. BBC has learnt that some suppliers have asked their employees not to come to work until a resolution to the cyberattack is found. JLR's dealerships too are unable to register new cars, and garages that maintain JLR cars are unable to order new parts.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

## व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

## कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

## "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरूकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक